लैंडमार्क अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने पेश किया चालान

बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में इलाज में लापरवाही के आरोप; परिवार ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल, 18 दिसंबर 2024 का है मामला

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

बुजुर्ग महिला अमरजीत कौर की मौत के मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने लैंडमार्क अस्पताल, सेक्टर-33 के डॉक्टर परमिंदर सिंह के खिलाफ अदालत में चालान पेश कर दिया है। डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही बरतने और मरीज की हालत बिगड़ने के बाद सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए जरूरी रिकॉर्ड उपलब्ध न करवाने के आरोप लगे थे।

यूटी की चिकित्सकीय लापरवाही समिति ने इन आरोपों को सही पाया था, जिसके आधार पर चंडीगढ़ पुलिस ने 18 दिसंबर 2024 को मामला दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार, अमरजीत कौर को 16 मार्च 2024 को फीमर बोन में फ्रैक्चर हुआ था। इसके बाद उनका लैंडमार्क अस्पताल में ऑपरेशन किया गया। परिवार का आरोप है कि ऑपरेशन के करीब एक सप्ताह बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी और शरीर में सोडियम का स्तर काफी कम हो गया। इसके बावजूद अस्पताल ने न तो उन्हें भर्ती किया और न ही समय रहते किसी अन्य अस्पताल में रेफर किया। आरोप है कि उन्हें केवल दवा देकर घर भेज दिया गया।

अगले ही दिन अमरजीत कौर की हालत और गंभीर हो गई और कम सोडियम स्तर के कारण उन्हें दौरे पड़ने लगे। इसके बाद लैंडमार्क अस्पताल के डॉक्टरों ने परिवार को पीजीआई या सरकारी अस्पताल सेक्टर-32 जाने की सलाह दी। सरकारी अस्पताल

में उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन दौरे रुक नहीं रहे थे। डॉक्टरों ने एमआरआई करवाने की सलाह दी, लेकिन लैंडमार्क अस्पताल की ओर से इम्प्लांट से संबंधित जरूरी प्रमाण पत्र न दिए जाने के कारण एमआरआई नहीं हो सकी। परिवार के अनुसार, डॉक्टर हरसिमरन सिंह ने पहले इम्प्लांट का प्रमाण पत्र देने की बात कही थी, लेकिन बाद में अस्पताल जाने के बावजूद यह दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाया गया। इसके कारण उपचार प्रभावित हुआ और 16 अप्रैल 2024 को अमरजीत कौर की मौत हो गई।

शिकायत के बाद चिकित्सकीय लापरवाही समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि लैंडमार्क अस्पताल ने मरीज की गंभीर हालत के बावजूद उचित इलाज उपलब्ध नहीं करवाया और सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान जरूरी रिकॉर्ड भी नहीं दिया। समिति ने इस मामले में चिकित्सकीय लापरवाही पाई।

पुलिस ने मामले में केस दर्ज करने के बाद मेडिकल रिपोर्ट को लेकर कुछ स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद पीजीआई ने 23 मार्च 2026 को स्पष्ट किया कि पहले तैयार की गई रिपोर्ट पीजीआई, सरकारी अस्पताल सेक्टर-16 और सेक्टर-32 के विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई थी और वह रिपोर्ट सही है। इसके बाद पुलिस ने अदालत में चालान दाखिल किया। दूसरी ओर, मृतका के बेटे सुखविंदर पाल ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने मामले में कई अहम पहलुओं को नजरअंदाज किया है। उनका कहना है कि कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत सौंपने के बावजूद डॉक्टर हरसिमरन सिंह, डॉक्टर वरुण कुमार और अस्पताल के मालिक एसपीएस चावला को चालान में शामिल नहीं किया गया। परिवार का कहना है कि वे इस मामले में अदालत के सामने अपना पक्ष रखेंगे।

वहीं, डीएसपी हरजीत कौर ने कहा कि उन्होंने अभी चालान नहीं देखा है। अगर परिवार को किसी तरह की कमी लगती है तो वे अपना ऐतराज थाना प्रभारी के सामने रख सकते हैं। पुलिस के अनुसार, जरूरत पड़ने पर आपत्तियों को आगे की प्रक्रिया में शामिल किया जा सकता है।

ज़ोरावर सिंह ने इंडियन गोल्फ यूनियन के उत्तरी जोन फीडर का टूर्नामेंट जीता

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज़

खेलों में परिवार की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाते हुए दस वर्षीय ज़ोरावर सिंह चहल ने इंडियन गोल्फ यूनियन के उत्तरी ज़ोन फीडर के छठे इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। स्ट्रॉबेरी फील्ड हाई स्कूल, चंडीगढ़ में पांचवीं कक्षा के छात्र ज़ोरावर सिंह ने यह टूर्नामेंट अंबाला के खड़गा पर्यावरण पार्क एवं प्रशिक्षण केंद्र में जीता, जिसमें उन्होंने अंडर-6 स्कोर के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया। सी कैटेगरी में खेल रहे ज़ोरावर सिंह ने यह साबित कर दिया कि वह अपने परिवार की खेल विरासत को कायम रखेंगे।

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान एवं ओलंपियन गगन अजीत सिंह, जो फाजिल्का के एसएसपी हैं, के बेटे तथा पूर्व ओलंपियन अजीत सिंह के पोते ज़ोरावर सिंह की खेलों के प्रति शुरू से ही रुचि रही है, इसलिए उनके पिता ने उनका भरपूर सहयोग किया। ज़ोरावर सिंह ने वर्ष 2023 में यू.एस. जूनियर चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल किया।

इसी वर्ष आईजीयू (इंडियन गोल्फ यूनियन) के उत्तरी ज़ोन के पटियाला में आयोजित टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया था और अब आईजीयू. ज़ोन फीडर के छठे इवेंट में जीत दर्ज कर साबित कर दिया कि वह परिवार की विरासत को आगे ले जाएंगे।

खड़ी कारों से टकराई बच्चों से भरी स्कूल बस

समर न्यूज़। पंचकूला

पंचकूला शहर के सेक्टर-26 में मंगलवार सुबह चिटकारा स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी चार कारों से टकरा गई। हादसे के समय बस में करीब 20 बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित हैं। टक्कर के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। घरों के बाहर खड़ी कारों के क्षतिग्रस्त होने से नाराज लोगों ने बस चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना मिलते ही चंडीमंदिर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

हादसे के बाद स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को सुरक्षित बस से उतारा और दूसरी बस की व्यवस्था कर उन्हें स्कूल भेज दिया। बस ड्राइवर ने बताया कि सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में बस का संतुलन बिगड़ गया, जिससे सड़क किनारे खड़ी कारों से टक्कर हो गई। चंडीमंदिर थाना SHO रामपाल ने बताया कि स्कूल बस की कारों से टक्कर की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आज

सेक्टर-53 की 2018 आवास योजना बंद करने के प्रस्ताव पर फैसला संभव

फ्लैट खरीदारों को राहत मिलने की उम्मीद, रिफंड और अन्य विकल्पों पर भी होगी चर्चा

समर न्यूज़। चंडीगढ़

चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) की बुधवार को होने वाली अहम बैठक में सेक्टर-53 की वर्ष 2018 की आवास योजना को औपचारिक रूप से बंद करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। लंबे समय से अटकी इस परियोजना को लेकर बोर्ड अंतिम निर्णय ले सकता है।

बैठक में योजना से जुड़े आवंटियों को राहत देने के लिए रिफंड, ब्याज और अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा होने की संभावना है।

यह योजना करीब सात वर्ष पहले शुरू की गई थी, लेकिन विभिन्न प्रशासनिक और कानूनी कारणों से परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। इसके चलते फ्लैट आवंटियों को लंबे समय से अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। अब बोर्ड

इस योजना को समाप्त कर प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा के लिए नई व्यवस्था लागू करने पर विचार कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में यह भी तय किया जा सकता है कि जिन आवंटियों ने योजना के तहत राशि जमा कराई थी, उन्हें नियमानुसार धनवापसी या अन्य राहत किस प्रकार दी जाए। इसके अलावा भविष्य की आवास योजनाओं को अधिक व्यावहारिक और समयबद्ध बनाने पर भी चर्चा होने की संभावना है।

बोर्ड के निर्णय पर बड़ी संख्या में आवंटी और आवास क्षेत्र से जुड़े लोग नजर बनाए हुए हैं। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो वर्षों से लंबित इस योजना का अध्याय समाप्त होगा और प्रभावित फ्लैट खरीदारों को आगे की प्रक्रिया के संबंध में स्पष्टता मिल सकेगी।

बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: सीईओ

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब की मुख्य चुनाव अधिकारी श्रीमती अनिंदिता मित्रा ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब के पटियाला और बरनाला जिलों में बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आई हैं, जिनका गंभीरता से संज्ञान लिया गया है।

उन्होंने बताया कि पटियाला के आनंद नगर क्षेत्र में बूथ संख्या 113 के बीएलओ पर एक स्थानीय निवासी ने उस समय हमला कर दिया, जब अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में उससे आवश्यक जानकारी एकत्र कर रहे थे।

डीआरओ जोगिंद्र शर्मा 7 दिन के रिमांड पर, एसीबी करेगी 2.4 करोड़ कैश और मोबाइल की बरामदगी

मोनिका रावत | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला के जिला राजस्व अधिकारी (डीआरओ) जोगिंद्र शर्मा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर 8 दिन के रिमांड की मांग की गई थी, लेकिन बचाव पक्ष के अधिवक्ता दीपांशु बंसल की दलीलों के बाद अदालत ने 7 दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया।

एसीबी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कथित घोटाले में उसके हिस्से में आए करीब 2.40 करोड़ रुपये की नकदी दिल्ली, मनाली और भिवानी में अलग-अलग स्थानों पर छिपाई गई है। रिमांड के दौरान इस नकदी की बरामदगी कराई जाएगी।

आरोपी ने अपना मोबाइल फोन राजस्थान के सालासर में रिश्तेदारों के पास छिपाने की बात भी सामने आई है, जिसे जांच एजेंसी बरामद करेगी। जांच के तहत भिवानी जिले के कुड़ल गांव निवासी नवीन और दिनेश, जो आरोपी के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं, से भी पूछताछ की जाएगी। एसीबी जमीन खरीदने वालों संजय सिंगला व गवाह जितेंद्र शर्मा के साथ आरोपी का आमना-सामना कराकर पूछताछ करेगी, ताकि पूरे षड्यंत्र और इसमें शामिल अन्य सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट हो सके।

हालांकि, डीआरओ जोगिंद्र शर्मा ने अपने बचाव में कहा है कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं एसीबी का दावा है कि जांच के दौरान ऐसे फोन रिकॉर्ड मिले हैं, जिनमें जमीन खरीदने वाले राजन गोयल के साथ उनकी लगातार बातचीत हुई थी। एसीबी ने अदालत को यह भी बताया कि आरोपी ने कोर्ट के निर्देशों के बावजूद जांच में सहयोग नहीं किया।

जांच के लिए मोबाइल फोन जमा कराने के आदेश के बावजूद उसने फोन उपलब्ध नहीं कराया, जिससे वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने में बाधा आई। बताया गया कि पर्ल्स ग्रुप से जुड़ी जमीन मामले में पहले गिरफ्तार किए गए तहसीलदार विक्रम सिंगला ने अपने खुलासे में जोगिंद्र शर्मा का नाम लिया था। उसने दावा किया था कि इस पूरे मामले में डीआरओ भी उसका साझेदार था और उसे भी करोड़ों रुपये के मुनाफे का हिस्सा मिला। जांच के अनुसार, 2 जनवरी 2026 को रजिस्ट्री नंबर 1491 और 1492 के माध्यम से सुरमुख सिंह ने करीब 17.55 एकड़ जमीन कुनाल छिलाना और सौरभ के नाम लगभग 4.20 करोड़ रुपये में बेची थी।

इसके बाद 9 जनवरी को इंतकाल दर्ज हुआ और 17 जनवरी को कानूनगो तथा तहसीलदार ने उसे मंजूरी दे दी। एसीबी की जांच में यह भी सामने आया है कि इस जमीन को लेकर पहले से शिकायतें और पत्राचार मौजूद थे।

एसडीएम पंचकूला ने तहसीलदार रायपुररानी से स्पष्टीकरण भी मांगा था। वहीं हिसार निवासी एक शिकायतकर्ता ने भी इस जमीन की बिक्री पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। इसके बावजूद कथित रूप से कार्रवाई नहीं की गई।

एक्सप्रेस-वे पर हादसा, ट्रॉले से टकराई कार, दो की मौत

समर न्यूज़ | खरड़

खरड़ के नजदीक भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा के पास मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक बुरी तरह से जख्मी हो गया। कार में हिमाचल प्रदेश निवासी नवविवाहित दंपती और एक बुजुर्ग सवार थे।

हादसे की सूचना मिलते ही घड़ूंआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रॉले के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रही कार चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और कार सीधे ट्रॉले के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान हिमाचल प्रदेश निवासी पति-पत्नी और उनके साथ सफर कर रहे एक घायल बुजुर्ग के



रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दंपती का विवाह करीब तीन महीने पहले ही हुआ था। नवविवाहित जोड़े की असमय मौत से परिवार में मातम छा गया है। काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे शवों को बाहर निकाला गया।

घड़ूंआ थाना पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रॉला चालक से भी पूछताछ की जाएगी और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अचानक ब्रेक लगने के कारण हादसा होने की बात सामने आई है।

ट्रक के पहिए के नीचे आए रिटायर्ड सुपरिंटेंडेंट की मौत

सागर पहवा | मोहाली
समर न्यूज़

जुझार नगर में सोमवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पैक) से सेवानिवृत्त सुपरिंटेंडेंट 75 वर्षीय दौलत राम सैनी की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी कृष्णा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसा उस समय हुआ, जब दंपती सेक्टर-39 वेस्ट से बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। घर पहुंचने से कुछ मिनट पहले जुझार नगर के पास ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान बारिश से सड़क पर बने कीचड़ के कारण बाइक फिसल गई। बाइक का संतुलन बिगड़ते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान दौलत राम ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए और टायर उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठीं उनकी पत्नी कृष्णा देवी की टांग भी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

भाजपा-कांग्रेस के नेताओं ने थामा आप का दामन

संगठन विस्तार अभियान को मिली रफ्तार, विभिन्न विंगों में सक्रियता बढ़ी

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ ने संगठन विस्तार अभियान को नई गति देते हुए विभिन्न विंगों में संगठनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया। इस दौरान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। एससी विंग और ऑटो विंग की बैठकों में भाजपा और कांग्रेस से जुड़े कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

चंडीगढ़ के प्रभारी जरनैल सिंह की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शहदाब राठी ने नई राज्य कार्यकारिणी की घोषणा की। नई टीम में आशु चौधरी, मुर्तज़ा और हाजी कादिर को उपाध्यक्ष, इमरान कुद्दूसी को राज्य महासचिव, राशिद राणा, अरमान खान, गुफरान अहमद, नदीम अहमद और मोहम्मद आशिफ अब्बासी को सचिव, नदीम सलमानी, दिलनवाज़, मिर्ज़ा, मज़हर

खान और वसीम अहमद चंद को संयुक्त सचिव, ज़मीर मलिक को कोषाध्यक्ष और रेहान खान को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। पार्टी नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की उम्मीद जताई।

इसी क्रम में एससी विंग की बैठक प्रदेश अध्यक्ष देशराज के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में कई लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान कांग्रेस एससी विंग के वाइस प्रधान अश्वनी कुमार ने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। बैठक में अनुसूचित जाति समाज के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा हुई।

ऑटो विंग के अध्यक्ष अनिल की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों से जुड़े कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। बैठक में ऑटो चालकों की समस्याओं, उनके हितों और संगठन को मजबूत बनाने के मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पार्टी मेहनतकश वर्ग के हितों की आवाज़ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

फिर नीलाम होगा चंडीगढ़ का हेरिटेज फर्नीचर, केंद्र से हस्तक्षेप की मांग

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज़

चंडीगढ़ प्रशासन की हेरिटेज आइटम्स प्रिजर्वेशन कमेटी (एचआईपीसी) के सदस्य वीएवं एडवोकेट अजय जग्गा ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर चंडीगढ़ कैपिटल प्रोजेक्ट के मूल हेरिटेज फर्नीचर की विदेशों में होने वाली नीलामी रोकने और पहले से विदेश पहुंच चुकी विरासत वस्तुओं की भारत वापसी के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र की प्रति चंडीगढ़ प्रशासन के संस्कृति सचिव को भी भेजी गई है।

पत्र में जग्गा ने हाल ही में फ्रांस में चंडीगढ़ के हेरिटेज फर्नीचर की प्रस्तावित नीलामी रुकवाने के लिए भारत सरकार, विदेश मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, पंजाब के राज्यपाल-सह-चंडीगढ़ प्रशासक

और चंडीगढ़ प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन के समय पर किए गए कूटनीतिक प्रयासों से नीलामी रुक सकी, जिससे देश की आधुनिक वास्तुकला की अमूल्य धरोहर की रक्षा हुई।

अब उन्होंने 15 जुलाई को अमेरिका के लॉस एंजिलिस मॉडर्न ऑक्शंस (एलएएमए) और 22 जुलाई को स्पेन के बार्सिलोना स्थित सेटडार्ट ऑक्शन हाउस में होने वाली दो नई नीलामियों पर चिंता जताई है। लॉस एंजिलिस में पियरे जेनरे द्वारा डिजाइन की गई चंडीगढ़ की डेस्क और चेयर की अनुमानित कीमत 6,000 से 8,000 अमेरिकी डॉलर रखी गई है, जबकि मौजूदा बोली 5,000 डॉलर तक पहुंच चुकी है।

आम आदमी पार्टी ने किया संगठन विस्तार, महिला आरडब्ल्यूए और ट्रेड विंग में नए ऑब्जर्वर्स नियुक्त

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महिला विंग और ट्रेड एवं रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) विंग के लिए नए ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति की है।

पार्टी का कहना है कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाकर आम लोगों की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। पार्टी के अनुसार, विनीत वर्मा को ट्रेड एवं रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) विंग का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है, जबकि साक्षी बंसल को महिला विंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विनीत वर्मा व्यापारिक

वर्ग के बीच एक अनुभवी और जाना-पहचाना नाम हैं। वह पिछले नौ वर्षों से मोहाली व्यापार मंडल (जिला एवं शहर) के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं।

वह पंजाब सरकार के पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के पूर्व सदस्य तथा आम आदमी पार्टी, पंजाब व्यापार मंडल विंग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पार्टी का मानना है कि व्यापारियों, उद्योग जगत और सामाजिक संगठनों के साथ उनका अनुभव संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।

वहीं, साक्षी बंसल की नियुक्ति को महिला विंग को अधिक सक्रिय, संगठित और जनसरोकारों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में महिलाओं से जुड़े मुद्दों, उनके अधिकारों और सामाजिक भागीदारी को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

पार्टी नेतृत्व ने दोनों नवनियुक्त ऑब्जर्वर्स को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने व बूथ स्तर तक मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

समागम 5959वें श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद दिनभर संगत ने किया कीर्तन श्रवण

श्री अखंड पाठ साहिब की 59वीं लड़ी की संपूर्णता पर गुरमत समागम

समर न्यूज़ | एस ए एस नगर

धन्य धन्य अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के ऐतिहासिक शहीदी स्थान गुरुद्वारा सिंह शहीदां, सोहाना में श्री अखंड पाठ साहिब जी की 59वीं लड़ी के 5959वें पाठ की संपूर्णता के उपलक्ष्य में महान धार्मिक और गुरमत समागम करवाया गया।

यह सदीवी लड़ी ब्रह्मलीन ब्रह्म ज्ञानी संत बाबा अजीत सिंह जी हंसाली वालों के वचनों के अनुसार 29 नवंबर 1993 से लगातार चल रही है। समागम के दौरान सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग डाले गए। इसके बाद दिनभर गुरमत समागम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगतों ने हाजिरी भरी। समागम में बीबी राजवंत कौर और श्री फतेहगढ़ साहिब वाली बीबियों के अंतरराष्ट्रीय

ढाडी जत्थे ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज में दर्ज धुर की बाणी के बारे में संगतों को ढाडी वारों के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई अमनदीप सिंह जी ने रस भरे कीर्तन से संगतों को गुरु चरणों से जोड़ा।

शिरोमणि प्रचारक भाई गुरभेज सिंह जी राणीमाजरा वालों ने अपने प्रवचनों में खंडे बाटे के अमृत की महत्ता बताई और संगतों को अमृत छककर गुरु वाले बनने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा भाई मनप्रीत सिंह जी, भाई संतोख सिंह जी, भाई रंजीत सिंह जी, भाई सतवंत सिंह जी पटियाला वाले, भाई मनदीप सिंह जी पिहोवा वाले, भाई रजिंदर सिंह जी लुधियाना वाले, अकाल कविशरी जत्था, मित्तर प्यारे नूं कीर्तनी जत्था, शेर-ए-पंजाब कविशरी जत्था और अन्य जत्थों ने कथा, कीर्तन, कविशरी और गुरमत विचारों के माध्यम से संगतों को निहाल किया। गुरुद्वारा सिंह शहीदां के हजूरी जत्थों सहित भाई गुरमीत सिंह, भाई जसवंत सिंह, भाई इंद्रजीत सिंह, भाई बलजिंदर सिंह और भाई संदीप सिंह ने भी हरि जस सुनाकर संगतों को गुरु बाणी से जोड़ा। इस अवसर पर सभी जत्थों को सिरोपाओ देकर सम्मानित किया गया।

समागम के अवसर पर श्री दरबार साहिब जी की अंदर से फूलों के साथ विशेष सजावट की गई थी। दरबार साहिब के बाहरी हिस्से और मुख्य द्वार तक के मार्ग को भी सुंदर ढंग से सजाया गया। इस पावन अवसर पर हजारों संगतों ने पवित्र सरोवर में स्नान किया।

संत बाबा परमजीत सिंह जी हंसाली वाले और कई महापुरुषों ने भी समागम में पहुंचकर संगतों को दर्शन दिए। इस दौरान माहिर चिकित्सकों की ओर से मरीजों की जांच की गई और गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं।

कार सवार दो तस्कर गिरफ्तार, 400 ग्राम हेरोइन मिली, केस दर्ज

सागर पहवा | मोहाली
समर न्यूज़

थाना सोहाना पुलिस ने सेक्टर-104 से गांव सुखगढ़ जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी के दौरान कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 400 ग्राम हेरोइन बरामद करने का दावा किया है।

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 29, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 3 जुलाई को दोपहर करीब 1:20 बजे चौकी सनैटा प्रभारी एसआई बरमा सिंह अपनी टीम के साथ सेक्टर-104 से सुखगढ़ जाने वाली सड़क पर मौजूद थे। गांव सुखगढ़ की ओर से सफेद रंग की आई-10 कार आती दिखाई दी। सामने पुलिस पार्टी को देखकर कार चालक घबरा गया। टीम ने दोनों युवकों को काबू कर लिया।